हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 शहर के निर्माणाधीन स्थलों और खाली प्लॉटों पर लगे हैं रेत के पहाड़



07 मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज हरदा आएंगे, कई कार्यक्रमों...



14 से 16 अक्टूबर तक होगा हरिभूमि फैमिली गरबा अनुभूति, प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा के "मुहूर्त" में गूंजे मां दुर्गा के जयकारे

द पार्क के नवीन गरबा स्थल पर श्रीगणेश एवं मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ विधिवत हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले हरिभूमि अनुभूति गरबा के पांचवें संस्करण को लेकर गुरुवार को नवीन आयोजन स्थल द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट में पारंपरिक एवं धार्मिक वातावरण में मुहूर्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से गरबा आयोजन के लिए तैयार किए जा रहे ग्राउंड के पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश एवं मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आरती की गई। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और उपस्थित लोगों ने मां दुर्गा के जयकारों के साथ आयोजन की सफलता एवं मंगलमय संपन्नता की कामना की। पूजन कार्यक्रम के बाद ग्राउंड में की जाने वाली व्यवस्थाओं की शुरुआत की गई।

हरिभूमि अनुभूति गरबा का आयोजन 14, 15 एवं 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में किया जा रहा है। मुहूर्त कार्यक्रम में आयोजन से जुड़े लोगों के साथ शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

तैयारी: आस्था और उल्लास के साथ सजेगा भव्य मंच



इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सभापति राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया, वरिष्ठ समाजसेवी मनीष ठाकुर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, पत्रकार राहुल शरण, खेमराज परिहार, भारती कलोसिया, अंशिका रुद्रांश सिंह ठाकुर, कृतिका मालवीय, यशवर्धन चौबे, राम राजपूत, अंशु द्विवेदी, सौरभ शिवनानी, सौरभ राजपूत, सुरेंद्र राजपूत, रंजीत राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में राहुल चौरे, राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया, मनीषा ठाकुर एवं राहुल शरण ने भी संबोधित किया।

आयोजन को ओर अधिक भव्य, व्यवस्थित व पारिवारिक बनाने के प्रयास जारी: भूपेन्द्र विश्वकर्मा

कार्यक्रम के दौरान गरबा आयोजक भूपेंद्र विश्वकर्मा ने उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्यजनों को हरिभूमि अनुभूति गरबा के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गरबा आयोजन को और अधिक भव्य, व्यवस्थित एवं पारिवारिक स्वरूप प्रदान करने की दिशा में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। वहीं आयोजन के व्यवस्थापक शुभम बनोरिया ने आयोजन स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं, सुरक्षा, प्रवेश, पार्किंग एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। मुहूर्त कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई तैयारियों ने आगामी तीन दिवसीय गरबा आयोजन के लिए उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया। धार्मिक आस्था, पारंपरिक संस्कृति और आधुनिक आयोजन के संगम के रूप में होने वाले हरिभूमि अनुभूति गरबा को लेकर शहरवासियों में भी खासा उत्साह नजर आ रहा है।

खुशखबरी: ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पास भी!

हरिभूमि अनुभूति गरबा के लिए इस बार ऑनलाइन टिकट के साथ ऑफलाइन पास की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। पिछले चार वर्षों से हरिभूमि गरबा से जुड़े हजारों गरबा प्रेमियों की मांग को देखते हुए ऑफलाइन पास भी रखे गए हैं। ऑफलाइन पास का वितरण जल्द ही शुरू किया जाएगा। वहीं गरबा प्रेमी ऑनलाइन माध्यम से भी अपने पास बुक कर सकेंगे। आयोजन को लेकर बढ़ते उत्साह के बीच दोनों माध्यमों से पास उपलब्ध कराने का उद्देश्य अधिक से अधिक गरबा प्रेमियों को इस भव्य, पारिवारिक एवं सांस्कृतिक आयोजन से जोड़ना है।

सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है आयोजन



हरिभूमि अनुभूति गरबा के पांचवें संस्करण के आयोजन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। नवरात्रि का पर्व हमें भक्ति, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। गरबा जैसे सांस्कृतिक आयोजन समाज के हर वर्ग को एक मंच पर लाने का माध्यम बनते हैं। इटारसी में हरिभूमि द्वारा लगातार इस आयोजन को भव्य स्वरूप देना सराहनीय पहल है। मां दुर्गा की कृपा से यह आयोजन सफल हो और सभी गरबा प्रेमियों के लिए यादगार बने, यही मंगलकामना है।

सौरभ शिवनानी, व्यापारी एवं समाजसेवी

आयोजन की शुभकामनाएं



हरिभूमि अनुभूति गरबा के पांचवें संस्करण के लिए सभी गरबा प्रेमियों और आयोजकों को ढेरों शुभकामनाएं। नवरात्रि का पर्व युवाओं में भी हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रति उत्साह जगाने का अवसर है। इटारसी में इतने बड़े स्तर पर गरबा का आयोजन शहर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करता है। इस बार भी गरबा प्रेमियों को भक्ति, संगीत देखने को मिलेगा। मां दुर्गा की कृपा से यह आयोजन नई ऊंचाइयों को छुए, यही शुभकामना है।

रितिक पंजवानी, युवा व्यापारी

नया आयाम स्थापित करेगा



हरिभूमि अनुभूति गरबा के पांचवें संस्करण के आयोजन पर हार्दिक शुभकामनाएं। नवरात्रि का पर्व हमारी आस्था, संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा हुआ है। गरबा के माध्यम से युवा पीढ़ी को हमारी समृद्ध संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है। इटारसी में लगातार पांचवें वर्ष इतने भव्य आयोजन का होना शहर के लिए गर्व की बात है। मेरी शुभकामनाएं।

राहुल चेलानी, बॉलीवुड एक्टर

आस्था और संस्कारों का पर्व



हरिभूमि अनुभूति गरबा के पांचवें संस्करण के लिए सभी आयोजकों एवं गरबा प्रेमियों को हार्दिक शुभकामनाएं। नवरात्रि केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी आस्था और संस्कारों का पर्व है। ऐसे आयोजन समाज में एकता, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। मां दुर्गा की कृपा से यह आयोजन भव्य एवं सफल हो, यही मंगलकामना है।

संदेश अग्रवाल, युवा व्यापारी एवं समाजसेवी

गरबा हमारी आस्था का प्रतीक



हरिभूमि अनुभूति गरबा के पांचवें संस्करण के आयोजन पर मेरी ओर से सभी आयोजकों एवं शहरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा हमारी धार्मिक आस्था और भारतीय संस्कृति का सुंदर स्वरूप प्रस्तुत करता है। हरिभूमि द्वारा लगातार पांच वर्षों से इस परंपरा को आगे बढ़ाना प्रशंसनीय है। मां दुर्गा की कृपा से आयोजन के लिए शुभकामना है।

कामेश अग्रवाल, अध्यक्ष, केमिस्ट एसोसिएशन इटारसी

आयोजन को लेकर उत्साह है



हरिभूमि अनुभूति गरबा के पांचवें वर्ष के आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। नवरात्रि का पर्व भक्ति, शक्ति और उल्लास का पर्व है और गरबा इसी भावना को सुंदर रूप में अभिव्यक्त करता है। आयोजन को लेकर हर वर्ष बढ़ता उत्साह इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है। मां दुर्गा सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और आयोजन सफल हो, यही मेरी मंगलकामना है।

संतोष चौरे, व्यापारी एवं समाजसेवी

शहर के लिए हर्ष का विषय



मां भगवती की आराधना और भक्ति से जुड़े पावन नवरात्रि पर्व पर हरिभूमि अनुभूति गरबा के पांचवें संस्करण का आयोजन अत्यंत हर्ष का विषय है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। हरिभूमि का यह प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय है।

मनोहर तिवारी, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ता

परंपराओं का पर्व



हरिभूमि अनुभूति गरबा के पांचवें संस्करण के लिए आयोजक टीम एवं समस्त गरबा प्रेमियों को हार्दिक शुभकामनाएं। नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा परंपराओं का उत्सव है।

कार्तिक अग्रवाल, व्यापारी एवं समाजसेवी



खबर संक्षेप

सेल्स ऑफिसर की हत्या पर बैतूल के डीलर्स ने जताया रोष



बैतूल। महाराष्ट्र प्रांत के हिंगोली में अपनी ड्यूटी पर तैनात इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के सेल्स ऑफिसर महेश शेलके की चाकू से गोंदकर हत्या करने के मामले को लेकर बैतूल डीलर्स एसोसिएशन ने रोष जताया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को महाराष्ट्र के हिंगोली गांव के एक पेट्रोल पंप को सील करने गए इंडियन ऑयल के सेल्स ऑफिसर शेलके की चाकू से गोंदकर हत्या कर दी गई।बताया जाता है कि पेट्रोल पंप के संचालक के बेटे एवं अधिकारी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके चलते घटना को अंजाम दे दिया बताया जाता है कि संचालक साहेबराव पांडववीर का पंप कुछ दिनों से तकनीकी खराबी के कारण बंद था जिसे ठीक करने हेतु उन्होंने कंपनी से अतिरिक्त एक माह का और समय मांगा था जिसे कंपनी ने इनकार कर दिया । इसी बात को लेकर सेल्स ऑफिसर अपनी टीम के साथ पेट्रोल पंप सील करने गए हुए थे । पंप संचालक के पुत्र उमेश एवं अधिकारी के बीच विवाद इतना बड़ा की पंप संचालक के पुत्र उमेश ने सेल्स ऑफिसर पर चाकू से सात बार हमला कर दिया जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस नृशंस हत्या की जांच कर आरोपियों को सख्त सजा देने की इंडियन ऑयल अधिकारियों ने मांग की है, इस घटना के बाद से अधिकारियों में भय का वातावरण बना हुआ है, वही इंडियन ऑयल इटारसी टर्मिनल डीलर पिंटू वर्मा,राजू अग्रवाल, हरीश मानेकर, वसंत वागद्रे, भानुप्रताप आवठे, राजू वर्मा, नीलेश अग्रवाल ,सागर शिवहरे, अजय जितपुरे खुशवंत आवठे सहित सैकड़ो डीलरों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

रेत डम्प पर आखिर खनिज विभाग क्यों नहीं कर रहा कार्रवाई

शहर के निर्माणाधीन स्थलों और खाली प्लॉटों पर लगे हैं रेत के पहाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल जिले की खदानों और नदियों से रेत उत्खनन पर लगा प्रतिबंध तो गत 1 अक्टूबर से स्वत ही आदेश की अवधि खत्म होते ही समाप्त हो चुका है, लेकिन खदानों और नदियों से रेत निकालकर डम्प करने का काम अब भी बड़ी मात्रा में चल रहा है। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाको में कइयों जगहों पर रेत के पहाड़ देखे जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि रेत को डंप करने की एक निश्चित मात्रा तय है, लेकिन जहां-तहां रेत के ढेर लगे हुए हैं। इसके बावजूद भी खनिज विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।



प्रतिबंध के पहले और अब बाद में भी जारी है रेत डम्प करने का खेल

बारिश के मौसम में हर साल खदानों और नदियों से रेत के उत्खनन पर प्रतिबंध रहता है। खनिज अधिनियम के अनुसार इस प्रतिबंध की अवधि में यदि रेत का खदान या नदी से उत्खनन होता हुआ पाया जाता है या फिर उसे उत्खनन कर डंप किया जाता है, तो यह अवैध की श्रेणी में आता है। खनिज विभाग में हाल ही में ग्रामीण क्षेत्र में रेत अवैध रूप से डंप (भंडारण) करने पर कार्रवाई की गई है। इसी तरह बैतूल शहर के निर्माणाधीन स्थलों और खाली प्लाटों में रेत डंप की जा रही है। खनिज विभाग के सूत्रों के मुताबिक रेत का भंडारण करने के लिए परमिशन लेनी पड़ती है। इसके बाद ही रेत का भंडारण किया जा सकता है। वर्तमान में खनिज विभाग द्वारा सरकारी खदान ठेकेदार को आठ स्थानों पर भंडारण की परमिशन दी गई है, जिसमें शाहपुर क्षेत्र के केवल दो स्थानों पर ही खदान ठेकेदार द्वारा भंडारण किया जा रहा है। इसके अलावा किसी अन्य स्थान पर भंडारण की कोई परमिशन नहीं दी गई है। इसके बावजूद भी बैतूल शहर के गंज क्षेत्र, कालापाठा, सदर क्षेत्र के कई निर्माणाधीन स्थलों पर रेत के पहाड़ लगे हुए हैं। इसी तरह रानीपुर रोड, हमलापुर में माचना नदी के पास खाली प्लाट पर रेत के पहाड़ लगे हुए देखे जा सकते हैं। इसके बावजूद अब तक खनिज विभाग ने शहरी क्षेत्र के इन अवैध रेत भंडारण पर कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे अवैध रूप से रेत का भंडारण बेरोकटोक चल रहा है।



जिले भर में हैं, रेत की 32 खदानें

बैतूल जिले में रेत की 32 खदानें है। यह सरकारी ठेके पर परम डिस्टिब्यूर्स कंपनी द्वारा ली गई है, जबकि 9 अन्य खदानों पर ग्रीन ट्रिब्यूनल की रोक लगी हुई है। इससे वर्तमान में रेत का उत्खनन करने पर प्रतिबंध है, लेकिन इसकी जांच पड़ताल खनिज विभाग नहीं करता हैं। जबकि सूत्र, इन जगहों से भी रेत का उत्खनन होने की बात कह रहे है। इसकी जांच होने से स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

डंप पर रेत की मात्रा तय नहीं

खनिज विभाग रेत खदानों की नीलामी तो कर देता है, लेकिन प्रतिबंध अवधि में कितनी रेत डंप करनी है, इसकी मात्रा का निर्धारण नहीं करता है। इससे रेत का बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जाता है और रेत के बड़े-बड़े पहाड़ खड़े कर लिए जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ़ प्रतिबंध का हवाला देकर जनता को ज्यादा राशि मे रेत उपलब्ध कराई जाती है। जबकि खनिज विभाग के सूत्रों का कहना है कि 50 घन मीटर तक ही रेत निर्माणाधीन स्थल पर रखी जा सकती है। इससे अधिक मात्रा में बिना किसी वैध अनुमति के रेत रखना अपराध की श्रेणी में आता है।

उत्खनन पर लंबे समय से प्रतिबंध लगा हुआ था

बारिश के दौरान भले ही रेत के उत्खनन पर लंबे समय से प्रतिबंध लगा हुआ था,लेकिन इस दौरान हर सप्लायर के पास रेत उपलब्ध रही। उनकी सप्लाई पर इस प्रतिबन्ध का कोई असर नहीं था। तवा की, माचना की रेत तय मात्रा के अनुसार उपलब्ध कराने का कारोबार बिना रॉयल्टी और बिना परमिशन के जारी था।

परम डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी को मिला एक साल का एक्सटेंशन

यहां उल्लेखनीय है कि विगत 21 नवंबर 2023 में परम डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी को शासन द्वारा तीन साल के लिए जिले की रेत खदानों से रेत उत्खनन करने का ठेका दिया गया था, जो 20 नवंबर 2026 को समाप्त हो रहा है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा पुराने ठेकेदार परम डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी को ही 10 प्रतिशत अधिक राशि लेकर फिर से एक साल के लिए एक्सटेंशन दे दिया गया है। वहीं रेत के जानकार बताते हैं कि एक साल के लिए और अतिरिक्त 10 प्रतिशत राशि लेकर पुराने ठेकेदार को ही ठेका मिल जाएगा, अर्थात सरकारी ठेके की अवधी नवंबर 2028 हो जाएगी। हालांकि खनिज विभाग के सूत्रों का कहना है कि अभी सिर्फ एक साल के लिए एक्सटेंशन का आदेश हुआ है।

इनका कहना है...

शाहपुर क्षेत्र में सिर्फ सरकारी ठेकेदार को ही रेत डंप करने की परमिशन दी गई थी, इसके अलावा अन्य स्थानों पर रेत डंप करने की कोई परमिशन विभाग द्वारा नहीं दी गई। यदि बिना किसी वैध अनुमति के भंडारण हो रहा है तो ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आज भी शिकायत मिलने पर हमारे विभाग से इंस्पेक्टर को जाँच के लिए भेजा गया है, उनकी रिपोर्ट अभी आई नहीं है।

मनीष पालेवार, जिला खनिज अधिकारी, खनिज विभाग, बैतूल

भैंसदेही में शासकीय आवास में छिपाकर रखी 1 लाख की सागौन की लकड़ी बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

नगर में शासकीय आवास का दुरुपयोग कर अवैध रूप से रखी गई सागौन की लकड़ी पर पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की है। भैंसदेही में स्वास्थ्य विभाग के रिक्त शासकीय आवास से 23 नग सागौन की चरपट बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस नोट के अनुसार 7 अक्टूबर 2026 की रात्रि में बीएमओ भैंसदेही द्वारा पुलिस को लिखित सूचना दी गई थी कि स्वास्थ्य विभाग के रिक्त शासकीय आवास में इमारती लकड़ी रखी हुई है। सूचना मिलते ही थाना भैंसदेही पुलिस मौके पर पहुंची और तस्दीक करने पर आवास के अंदर 23 नग सागौन की चरपट मिली। पुलिस ने गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार कर लकड़ी को जब्त किया। बरामद लकड़ी को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए वन विभाग को सौंप दिया गया है। वन विभाग द्वारा मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भैंसदेही राजेश सातनकर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामप्रकाश कीर, सउनि बलीराम बम्हनेले एवं आरक्षक 490 नारायण जाट की सराहनीय भूमिका रही।

नपा अमला अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में जुटा



आमला। नगर में अतिक्रमण की शिकायत पर नगर पालिका अमला लगातार कार्यवाही में जुट गया है। पिछले दिनों नगर के व्यस्ततम इलाकों से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की गई थी। इसके साथ अब दूसरे इलाकों में भी अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। आमला नपा सूत्रों के मुताबिक नगर के विभिन्न इलाकों में एक सैकड़ा से ज्यादा लोगों पर अतिक्रमण की कार्यवाही के नोटिस तैयार कर लिए गए हैं। नगर पालिका आमला के राजस्व प्रभारी अखिलेश राजनेगी ने बताया कि शहर के सभी संभावित, ऐसे इलाकों में जहां सड़कों तक पसरी दुकानों से अतिक्रमण संभावित दुर्घटनाओं की स्थिति बन रही है। इसके अलावा आवागमन में बाधा बन रहे ऐसे सभी अतिक्रमण वाले इलाकों में नोटिस जारी कर 24 घंटे की अवधि में स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जा रहा है, आदेशों की अवहेलना पर नगर पालिका का अतिक्रमण अमला दंड के साथ कार्रवाई करेगा। नगर पालिका अधिकारी प्रकाश देशमुख ने बताया कि शहर में अतिक्रमण के चलते आवागमन में हो रही बाधा और संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए अतिक्रमणकारियों पर लगातार कार्यवाही की जाती रहेगी,आने वाले कुछ दिनों में बड़े त्यौहार भी हैं, ऐसे में सड़कों पर आवागमन का ज्यादा दबाव भी रहता है, जिसके चलते अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

रैली और नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश, प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



सारनी। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की योजना के अंतर्गत स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सारनी में व्यसन मुक्ति पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। वहीं प्रमुख चौराहे पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के दुष्परिणामों और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया। पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय में भाषण, निबंध, चित्रकला और रंगोली सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने व्यसन के दुष्परिणामों, परिवार और समाज पर इसके प्रभाव तथा नशामुक्त समाज की आवश्यकता को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से सामने रखा। जागरूकता रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर स्टेट बैंक, जयस्तंभ चौक, शॉपिंग सेंटर, बाजार चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। विद्यार्थियों के हाथों में नशाविरोधी संदेश लिखी तख्तियां थीं और वे नशामुक्ति के नारे लगा रहे थे।

प्रमुख चौराहे पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के कारण होने वाले सामाजिक और पारिवारिक नुकसान को प्रदर्शित किया। नगर के गणमान्य नागरिकों ने अभियान की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं आचार्य परिवार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक की तैयारी की थी।

निबंध प्रतियोगिता में जानवी, श्रेयांशी यादव, सृष्टि, पूर्वी, वैष्णवी नागल, नैना रजक और प्राची ने प्रथम, दिव्यांशी हुरमाड़े, आराध्या, राधेकृष्णा और पलक जैन ने द्वितीय तथा खुशी साहू, ईशान, अंश बैरागी और वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में पूर्वी ने प्रथम तथा रिया बच्चन और प्रियांशु मालवीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में जानवी बंचड, हिमांशु और आस्था ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान का उल्लेख उपलब्ध जानकारी में स्पष्ट नहीं है। रंगोली प्रतियोगिता में सोनिया नागल प्रथम, अश्वनी मेवाड़ा द्वितीय और हर्षित वेले तृतीय रहे।

सलकनपुर पहुंचते हैं हजारों श्रद्धालु

15 वर्षों से कायम सेवा की परंपरा पैदल यात्रियों के लिए लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

नवरात्रि के अवसर पर सलकनपुर देवी धाम की ओर पैदल यात्रा पर निकलने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा के लिए भौंरा नगर के बस स्टैंड पर सेवा शिविर शुरू किया गया है। नगरवासियों के आपसी सहयोग से लगाए गए इस शिविर में पदयात्रियों को फल, फलाहार, बिस्किट और ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। यात्रियों को कुछ देर विश्राम कराने के बाद आगे की यात्रा के लिए रवाना किया जा रहा है। मंगलवार से बस स्टैंड परिसर में टेंट लगाकर सेवा कार्य शुरू किया गया। पहले दिन दो पदयात्री दल यहां से गुजरे। वहीं बुधवार को करीब 10 से 12 दलों के पहुंचने के साथ लगभग 1000 से 1200 पैदल यात्रियों के लिए सेवा की व्यवस्था की गई। यात्रियों की संख्या को देखते हुए नगर वासियों द्वारा पानी, फलाहार और अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की जा रही है।



नवरात्रि के दौरान क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु हाथों में धार्मिक ध्वज लेकर पैदल सलकनपुर धाम की यात्रा करते हैं और वहां पहुंचकर ध्वज चढ़ाते हैं। क्षेत्र में सलकनपुर की पदयात्रा की यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। हर वर्ष पैदल यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे नवरात्रि के दौरान मार्ग में पड़ने वाले गांवों और कस्बों में भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। भौंरा में सलकनपुर पैदल यात्रियों के स्वागत की परंपरा करीब 15 वर्षों से लगातार जारी है। हर वर्ष नवरात्रि में नगरवासी सहयोग से सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं का स्वागत करते हैं। यह सेवा करीब नौ दिनों तक जारी रखने की तैयारी है।

स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता रैली

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कचरा संग्रहण स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अवसर पर लिटिल फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल पाथाखेड़ा के छात्रों ने स्वच्छता रैली एवं श्रमदान किया। नगर पालिका द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा कार्यक्रमों के तहत स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत पाथाखेड़ा के लिटिल फ्लावर स्कूल में रैली एवं श्रमदान कार्यक्रम हुआ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नितिन बिंजवे एवं स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी केके भावसार के निर्देश अनुसार पाथाखेड़ा क्षेत्र के स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर एम एस कुरैशी एवं रजनी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद सारनी के अधिकारी, कर्मचारियों, छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर स्कूल से स्वच्छता रैली में श्रमदान करते हुए नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा के नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। स्वच्छता रैली लिटिल फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल पाथाखेड़ा से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, स्टेडियम, न्यू मार्केट होते हुए फुटबॉल ग्राउंड पहुंची। अटल बिहारी वाजपेयी मिनी स्टेडियम में छात्रों को बालक, बालिका दो समूहों में बांट कर कचरा संग्रहण प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें बालक वर्ग ने प्रथम एवं बालिकाओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजित निबंध, प्रश्नोत्तरी, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों के साथ ही स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एम एस कुरैशी और सहयोग के लिए आशीष राय सर को पुरस्कृत किया गया। स्वच्छता अभियान में छात्रों ने शिक्षको एवं नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया। स्कूल के छात्रों के साथ स्वच्छता ही सेवा संकल्प अभियान 2026 को सफल बनाने में साथ प्राचार्य सिस्टर अनुजा किरण, शिक्षक आरके मालवीय, आशीष राय, सुभाष चौरसिया, आकाश भालेकर एवं समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों का सहयोग रहा।



नागरिकों से चर्चा कर सुनी समस्याएं और सुझाव

मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत विधायक खंडेलवाल ने पांच क्लस्टरों का भ्रमण कर ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल ने बैतूलबाजार क्षेत्र में पांच क्लस्टरों में बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों एवं नगरीय क्षेत्र के नागरिकों से सीधा संवाद किया गया।

इस दौरान 33 ग्रामों सहित बैतूलबाजार नगरीय क्षेत्र के नागरिकों से विकास एवं निर्माण कार्यों, स्थानीय आवश्यकताओं, समस्याओं एवं सुझावों के संबंध में चर्चा की गई। सोहागपुर, बारहवीं, गोराखार और बाघोली सहित बैतूलबाजार में आयोजित क्लस्टर बैठकों में क्षेत्र में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में नागरिकों द्वारा सड़क, नाली, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, सिंचाई सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव रखे गए। विधायक श्री खंडेलवाल ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं का समयबद्ध एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



जनभागीदारी से विकास कार्यों को प्रभावी बनाने पर जोर

बैठकों में कहा गया कि क्षेत्र के विकास की प्राथमिकताएं स्थानीय आवश्यकताओं एवं नागरिकों के सुझावों के आधार पर तय की जाएं। विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी रोजमर्रा की आवश्यकताओं को सुगम बनाना है। विकास कार्यों की योजना एवं क्रियान्वयन में नागरिकों की सहभागिता से कार्यों की उपयोगिता एवं प्रभावशीलता बढ़ती है।

पांच क्लस्टरों में 33 ग्रामों के नागरिकों से संवाद

मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत सोहागपुर क्लस्टर में जैतापुर, आरुल, बुंडाला, बंजारढाना, जुनावानी, नाहिया, साईंखंडारा, खापा, मिलानपुर एवं रोंधा सहित ग्रामों के ग्रामीणों से संवाद किया गया। बारहवीं क्लस्टर में बारहवीं, गुढ़ी, अर्जुनवाड़ी, रेढ़वा, घोघरी, डोडरामोहाड़, जावरा, थावड़ी, सुनारखापा एवं नागझिरी क्षेत्र के नागरिक शामिल हुए। गोराखार क्लस्टर में कोलगांव, मुचागोहान, गोराखार, सरंडई, गोंडी गौला, बड़ौरी, जसोन्दी, हाथीडिगर, दीनानचारसी, बोरीकास, सालार्जुन, बगदरी एवं नायकचारसी के नागरिकों से संवाद किया गया। इसी प्रकार बाघोली क्लस्टर में बाघोली, छाता, चारबन, बयावाड़ी, लोहारिया, जोड़क्या, जगधर, परसोडी, हनोत्या, हतनोरा एवं गजामढाना के ग्रामीणों से चर्चा की गई। इसके साथ ही बैतूलबाजार नगरीय क्षेत्र के नागरिकों से भी विकास कार्यों एवं स्थानीय आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली गई।

तीन सामुदायिक भवनों का लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री विशेष निधि से 42 लाख रुपए की लागत से सोहागपुर, गोराखार एवं बाघोली में निर्मित तीन सामुदायिक भवनों का लोकार्पण किया गया। इन सामुदायिक भवनों से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए स्थानीय नागरिकों को सुविधा उपलब्ध होगी।

शाहपुर में आज लगेगा जिला स्तरीय रोजगार मेला

बैतूल। जिला रोजगार कार्यालय बैतूल, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में 9 अक्टूबर शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय शाहपुर जिला बैतूल में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा।रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। मेले में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें 8वीं, 10वीं एवं 12 वीं आईटीआई डिप्लोमा एवं स्नातक योग्यताधारी युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। विभिन्न पदों पर 7,000 से 20,000 तक वेतन निर्धारित किया गया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक/लो.नि.शा./ई./4614-4617 // ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना // बैतूल दिनांक 07/10/2026

(प्रथम/द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

क्र.	ऑन लाईन निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_541091_1	CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM MUKESH BHALAVI HOUSE TO ANSHUL KHATARKAR HOUSE IN PATEL WARD BETUL	1- 30 Days 2-168681	1- 1000/- 2-3400/	23/10/2026
2.	2026_UAD_541092_1 2ND CALL	CONSTRUCTION OF TOILET FACILITY FOR WALKERS AND PLAYERS AT THE POLICE GROUND IN TAGORE WARD BETUL	1-40 Days 2-597725/-	1- 2000/- 2-6000/-	15/10/2026
3.	2026_UAD_541093_1	CONSTRUCTION OF NAVGRAHA VATIKA AND SEVA BLOCK AT AYUSH PARISHAR IN KRISHNAPURA WARD BETUL	1- 50 Days 2-688912/-	1- 2000/- 2-6900/-	23/10/2026
4.	2026_UAD_541094_1	CONSTRUCTION OF CC WEARING COAT AT VARIOUS LOCATIONS IN SUBHASH WARD BETUL	1- 60 Days 2-1828991/-	1- 2000/- 2-13700/-	10/11/2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(नवनीत पाण्डेय)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बैतूल

कल विदा होंगे पितृ, 11 से मां की आराधना में लीन होगा नर्मदांचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शक्ति आराधना का पावन पर्व शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। नवरात्रि के स्वागत को लेकर संपूर्ण नर्मदांचल में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारियां चल रही हैं, वहीं गुप्ता ग्राउंड में मूर्तिकार मां दुर्गा सहित भगवान शंकर की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर मिट्टी और अन्य सामग्री से तैयार प्रतिमाओं को आकार, स्वरूप और आकर्षक रूप देने में लगे हैं। गुप्ता ग्राउंड में एक ओर जहां मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं, वहीं भगवान शंकर की प्रतिमाएं भी अपनी अंतिम साज-सज्जा की ओर बढ़ रही हैं। आने वाले दिनों में विभिन्न दुर्गा पंडालों में प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही पूरे नर्मदापुरम में भक्ति, आराधना और धार्मिक आयोजनों की धूम होगी।

स्टेट हाईवे के गड्ढे वाले स्थल पर परेशान हुए सलकनपुर जाते देवी भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने स्टेट हाईवे पर गड्ढे हुआ करते थे। जिनका पुराव भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा धरने के बाद प्रशासन ने गिट्टी एवं गिट्टीऔ चूरे से किया था। लेकिन अब गिट्टी पैदल सलकनपुर धाम जा रहे देवीभक्तों की परेशानी का कारण बन गई है। इस स्थिति से नागरिकों में अत्यधिक रोष है।

स्टेट हाईवे पर उक्त स्थल के आसपास के व्यापारियों तथा रहवासियों नीलेश खंडेलवाल, विक्की ठाकुरस देवानंद शर्मा आदि ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से नंगे पैर पैदल सलकनपुर धाम जाने वाले भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई है। और उन्हें समस्याग्रस्त स्थल पर परेशानी होने लगी है। नागरिकों ने बताया कि गुरुवार सुबह भक्त पैदल सलकनपुर जाते नजर आए। पिपरिया से पैदल सलकनपुर जा रहे दो भक्तों ने बताया कि उन्होंने जूते या चप्पल धारण नहीं किए हैं। तथा स्टेट हाईवे पर कई स्थानों पर गड्ढे हैं, जिनमें पुराव के लिए गिट्टी बिछाई गई है। खासकर सोहागपुर में बहुत बड़े क्षेत्र का पुराव गिट्टी से किया गया है। जहां नंगे पैर चलने में बहुत अधिक परेशानी हो रही है। देवी भक्तों ने कहा कि अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को मां दुर्गा सद्बुद्धि दे और वे जनहित के जरूरी कार्य को जरूर करें, ताकि गिट्टी से गड्ढों के पुराव की अपेक्षा सड़क ऊंची करें तथा पक्की सीमेंटीकृत सड़क बनाई जाए।

हरिभूमि ने किया प्रकाशन

उल्लेखनीय है कि बुधवार को हरिभूमि द्वारा उक्त समस्या की संभावनाओं को लेकर समाचार प्रकाशित किया गया था। हरिभूमि ने उल्लेख किया था कि आगामी समय में देवीभक्त सलकनपुर की ओर पैदल निकलेंगे। जिन्हें सोहागपुर में समस्याग्रस्त स्थल पर पैरों में गिट्टी गड़ने की समस्या का सामना करना पड़ेगा। यह संभावना गुरुवार सुबह सही सिद्ध हुई, जब सलकनपुर जाते देवी भक्तों को सोहागपुर के उक्त समस्या ग्रस्त स्थल पर पीड़ा का सामना करना पड़ा है। नागरिकों ने अत्यधिक रोशन करते हुए समस्या के स्थाई समाधान की अपेक्षा प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से की है।


स्टेट हाईवे पर गड्ढों की समस्या का गिट्टी पुराव से किया गया समाधान
उड़ती धूल से परेशान नागरिक, अब देवीभक्तों को यात्रा में होगी परेशानी

जिला अस्पताल और वृद्धाश्रम का करेंगे निरीक्षण, जिला पंचायत में समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज हरदा आएंगे, कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को हरदा जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12.35 बजे हेलीकॉप्टर से हरदा पहुंचेंगे। वे जिले में आयोजित विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ जिला चिकित्सालय और वृद्धाश्रम का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.10 बजे हरदा से भोपाल के लिए रवाना होंगे। आयोजन से पहले गुरुवार शाम को कलेक्टर ने तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान जिला पंचायत हरदा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें उद्यमी संवाद, यशस्वी संवाद, अग्रणी कृषि संवाद और आमजन संवाद शामिल हैं। इसके साथ ही जिला स्तरीय समीक्षा बैठक तथा समाधान ऑनलाइन शिकायत निवारण कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

सहायक कृषि यंत्री निलंबित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 9 अक्टूबर को हरदा दौरे से पहले सहायक कृषि यंत्री प्रीति चौधरी को निलंबित कर दिया गया। सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के निराकरण में लापरवाही के चलते यह कार्रवाई की गई है। इसके बाद हरदा कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय का पूरा प्रभार नर्मदापुरम के सहायक कृषि यंत्री इन्दर सिंह धाकड़ को सौंपा गया है। कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल ने 7 अक्टूबर को इसके आदेश जारी किए। मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की ओर से प्रीति चौधरी के निलंबन के बाद हरदा कार्यालय का प्रभार बदला गया। अब इन्दर सिंह धाकड़ को कार्यालय का पूरा प्रभार और वित्तीय अधिकार दिए गए हैं। वे अगले आदेश तक यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

यातायात व्यवस्था में बदलाव

मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक डायवर्सन प्लान तैयार किया है। छीपानेर और करताना की ओर से हरदा आने तथा हरदा से करताना की ओर जाने वाले वाहनों को आवश्यकतानुसार परशुराम चौराहा, वायपास हनुमान मंदिर चौराहा, बजाज शोरूम के सामने से सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल मार्ग होते हुए नेशनल हाईवे और छीपानेर मार्ग स्थित हाईवे अंडरब्रिज की ओर डायवर्ट किया जाएगा। हनुमान मंदिर वायपास से कृषि मंडी की ओर जाने वाले वाहनों के लिए परशुराम चौक, अस्पताल चौक, सेंट मेरी स्कूल मार्ग होते हुए कृषि मंडी तक का मार्ग निर्धारित किया गया है। इसी मार्ग से वापसी भी की जा सकेगी। नेहरू स्टेडियम, गुर्जर बोर्डिंग, पाठक कॉलोनी और विष्णुपुरी कॉलोनी की ओर आने-जाने वाले वाहनों को आवश्यकतानुसार डूडी निवास के सामने वाली गली और काली मंदिर मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

डोंगरवाड़ा के पूर्व सरपंच पर जानलेवा हमला कमिश्नर-एसपी से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ग्राम पंचायत डोंगरवाड़ा के पूर्व सरपंच कैलाश दायमा पर गांव के वर्तमान सरपंच माखन कीर एवं उसके साथियों द्वारा रास्ते में रोककर मारपीट और अभद्रता करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न करने से आहत पीड़ित ने नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर एवं पुलिस अधीक्षक (SP) को शिकायती आवेदन सौंपकर जान-माल की सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

खेत से लौटते समय रोका रास्ता, की मारपीट शिकायत के अनुसार, आवेदक कैलाश दायमा 8 अक्टूबर 2026 की सुबह लगभग 9 बजे अपने खेत से मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। आरोप है कि डोंगरवाड़ा गांव के रास्ते में वर्तमान सरपंच माखन कीर अपने अन्य 4-5 साथियों (जिनमें अशोक कीर, इंदल कीर, अंकित कीर और प्रिंस कीर शामिल बताए गए हैं) के साथ पहले से घात लगाकर खड़ा था। रास्ता रोककर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों और लात-घूंसों से उनके साथ मारपीट की। राजनीतिक रंजिश और गंभीर आरोप आवेदन में कैलाश दायमा ने उल्लेख किया है कि वह पूर्व सरपंच रह चुके हैं। वर्ष 2026 के पंचायत चुनाव में वे निर्वाचित हुए थे, परंतु राजनीतिक सांठगांठ के चलते प्रक्रिया को दूषित बताकर उन्हें पद से हटवा दिया गया और माखन कीर को पुनः सरपंच बनवा दिया गया, जिसके चलते आरोपी उनसे रंजिश रखता है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि माखन कीर पर पूर्व में 28 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं और वह रेत के अवैध उत्खनन व चोरी के मामलों में लिप्त रहा है।

देहात थाना पुलिस पर पक्षपात का आरोप पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद जब वे रिपोर्ट लिखाने थाना देहात, नर्मदापुरम पहुंचे, तो पुलिस ने उनकी बात के अनुसार प्राथमिकी दर्ज नहीं की। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों का पक्ष लेते हुए मामले को असंज्ञेय अपराध (NCR) के रूप में दर्ज कर खानापूर्ति कर दी। सुरक्षा की मांग और वीडियो साक्ष्य का दावा कैलाश दायमा ने अधिकारियों को दिए आवेदन में बताया कि वे घटना के बाद से भयभीत हैं और उन्हें अपनी जान का खतरा है। उन्होंने घटना से संबंधित वीडियो फुटेज उपलब्ध होने की बात कहते हुए माखन कीर सहित सभी हमलावरों पर वैधानिक दंडात्मक कार्रवाई और स्वयं के लिए सुरक्षा की मांग की है।

तीन लाख रुपए की रिश्वत के मामले में केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य पर मामला, सीबीआई ने बिचौलिए गार्ड को किया गिरफ्तार



इटारसी। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, ऑर्डनेंस फैक्ट्री, इटारसी की प्राचार्य श्रद्धा पाठक के खिलाफ तीन लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी), भोपाल ने कार्रवाई की है। उपलब्ध सीबीआई दस्तावेज के अनुसार मामले में प्राचार्य श्रद्धा पाठक को आरोपी बनाया गया है, जबकि रिश्वत की रकम स्वीकार करते हुए स्कूल के गार्ड किरत सिंह सराठे को गिरफ्तार किया गया है। दस्तावेज के मुताबिक, शिकायतकर्ता ऋषि जैन, संचालक एमआर इंटरनेशनल सप्लायर्स, ने सीबीआई से शिकायत की थी कि केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में सप्लाई किए गए सामान के लंबित बिलों के भुगतान के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत में करीब 8 लाख रुपये के लंबित बिलों के भुगतान के लिए 3 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। सीबीआई के दस्तावेज के अनुसार शिकायत का सत्यापन स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में किया गया। इसके बाद 7 अक्टूबर 2026 को ट्रैप कार्रवाई की गई। दस्तावेज में उल्लेख है कि किरत सिंह सराठे ने शिकायतकर्ता से तीन लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार की, जिसके बाद सीबीआई टीम ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से रिश्वत की रकम बरामद किए जाने का भी उल्लेख है। सीबीआई ने मामले में मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्री भी जब्त की है। गिरफ्तारी मेमो के अनुसार किरत सिंह सराठे को 7 अक्टूबर 2026 को इटारसी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और उसे सीबीआई, एसीबी भोपाल के समक्ष पेश किए जाने की कार्रवाई दर्ज है।

वेंटीलेटर तोड़कर खाद भंडारण केंद्र से चुरा ले गए एनपीके खाद की 131 और यूरिया की 13 बोरियां सोने चांदी के जेवर और नकदी 2 लाख पर हाथ साफ

नर्मदा पुरम। शहर के देहात थाना अंतर्गत ग्राम निटाया में बदमाशों ने घर का दरवाजा तोड़कर 2 लाख रुपए नगदी और 3 लाख के सोने चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। घटना मंगलवार की है । फरियादी जीलगम रवि प्रसाद निवासी के घर से बदमाश 2 लाख और सोने के जेवर जिनमें कान के झुमके सहित अन्य जेवर शामिल हैं उठा कर ले गए । जिनकी कीमत 3 लाख रुपए बताई गई है। मौके पर पुलिस भी पहुंच चुकी थी और अब आगे की कार्यवाही की जा रही है । बताया जाता है कि इस क्षेत्र में इसके पहले भी कई वारदातें हो चुकी है। इसके साथ ही पिपरिया थाना अंतर्गत भंडारण केंद्र नंबर 3 केवीएम स्कूल के पास पिपरिया में बदमाशों ने एनपीके खाद की 131 बोरी और 13 यूरिया की बोरी चोरी कर ले गए । रात बुधवार रात को भंडारण केंद्र के वेंटीलेटर को तोड़कर बदमाश अंदर घुसे और 2 लाख 78 हजार 565 रुपए कीमत का खाद चुरा कर ले गए । इसको लेकर फरियादी केंद्र के मैनेजर दूलीचंद ठाकुर राजेंद्र मेडिकल के पास इंदिरा वार्ड गाडरवारा निवासी ने मामला दर्ज कराया । अब पुलिस जांच में जुटी है। फरियादी का कहना है कि भंडारण केंद्र के पीछे की वेंटीलेटर और खिड़की तोड़कर रात में बदमाश खिड़की तोड़कर घटना को अंजाम दिया । अब पुलिस सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य माध्यम से बदमाशों की तलाश में जुट गई है । पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस जांच में जुटी है।

एसटीआर के उत्कृष्ट वन अमले का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के उत्कृष्ट कार्य के लिए मैदानी वन अमले एवं समिति सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किया है। यह कार्यक्रम वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही में आयोजित किया गया था। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार वनपाल डॉग हैंडलर पदमसिंह राजपूत को 50 हजार रुपये एवं गौर ट्रांसलोकेशन अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आठ सदस्यीय दल को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक राखी नंदा एवं उप संचालक ऋषिभा सिंह नेताम द्वारा सम्मानित वन अमले एवं समिति सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। अधिकारियों ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण एवं प्रबंधन में मैदानी अमले का समर्पण, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा विभाग के लिए गौरव का विषय है। सम्मानित अमले में पदमसिंह राजपूत, विशाल सिंह चौहान, दिनेश उसारिया, अनिल शाक्य, मिथिलेश कुमार, सूबेदार नागले, उमेश दुबे, अजय दुबे व ईश्वरदास शामिल हैं। साथ ही सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के समिति सदस्यों को लाभांश राशि वितरित की गई है।

राष्ट्रपति से कार्रवाई की करने की मांग की

कांग्रेस ने की विपक्षी नेता पर की गई कार्रवाई की निंदा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



दिल्ली में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन दौरान विपक्ष नेताओं पर की गई कार्यवाही की क्षेत्रीय कांग्रेसियों ने निंदा की है। तथा कांग्रेस ने उचित कार्रवाई की मांग का ज्ञापन राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम गुरुवार दोपहर सौंपा है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन अनुसार केंद्र की भाजपा सरकार ने सभी सीमाएं पार कर दी हैं। जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के सभी सांसद भारत के निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग करने के लिए शांतिपूर्ण जंतर-मंतर की और बढ़ रहे थे, तो उन्हें रोकने बलपूर्वक व्यवहार किया गया। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और इंडिया ब्लॉक सांसदों के साथ बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता और जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों पर यह हमला स्वयं संविधान पर हमला है। कांग्रेस इस घटना के दिन को भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला दिवस' घोषित करती है। साथ ही कांग्रेस ने मांग की है कि लोकतंत्र पर हमले एवं विपक्ष के नेताओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। ज्ञानेश कुमार को तत्काल उनके पद से हटाया जाए। चुनावी व्यवस्था की अखंडता को पूरी तरह बहाल किया जाए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन का संवैधानिक अधिकार बहाल रखा जाए। ज्ञापन अनुसार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस लड़ाई को तब तक जारी रखेगी जब तक मांगें पूरी नहीं होती। मंगलसिंह रघुवंशी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल आदि मौजूद रहे।



नागरिकों की समस्याओं और सुविधाओं के लिए लगाए जा रहे शिविर

विश्व दृष्टि बाधित दिवस पर किया गया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विश्व दृष्टि दिवस पर सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों को निःशुल्क चिकित्सा के साथ चश्मा वितरण किए गए। सहायक नेत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ श्याम सुंदर सोडानी ने बताया कि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल के निर्देश अनुसार वर्ष 2000 में लायंस क्लब इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन के द्वारा पहली बार विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया था। 2020मे यह योजना लागू हुई थी। वर्ष 2026मे अब लगभग 178 बच्चे जांच में द्रष्टि वाधित पाएं। सांदीपनि विद्यालय के लगभग 20बच्चों को निशुल्क चश्मा वितरण किए गए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल,डा श्याम सुंदर सोडानी ,डा नीलेश इवने प्राचार्य संजीव दुबे बि आरसी प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

विद्युत विभाग ने लगाया समस्या समाधान शिविर



पचमढ़ी। आंगनबाड़ी वार्ड नं 03 में बिजली विभाग द्वारा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें वार्ड कि महिलाओं को स्मार्ट मीटर और दूसरे साधारण मीटर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई कि, कैसे बिजली का उपयोग ओर बिजली कि बचत की जाएशिविर में बिजली विभाग के जेई महेश झरबड़े, बलराम कुशवाह ,विश्वनाथ धोटे ने महिलाओं को समझाइश भी दी एवं जन प्रतिनिधि पुष्पा यादव ने भी अपनी बात रखी सभी महिलाओं को स्मार्ट मीटर के बारे जानकारी अच्छी लगी।

शोभापुर में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आज

सोहागपुर। ग्राम शोभापुर में आज मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जाएगा। सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि कृषि उपमंडी शोभापुर में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियानांतर्गत सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर आज सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जिसमें शासन के समस्त विभागों की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं जन शिकायतों का निराकरण करते हुए हितलाभ वितरण किया जाएगा।



पूर्व मंत्री कमल पटेल के भागीरथी प्रयासों से हरदा बनेगा प्रदेश का पहला शत-प्रतिशत सिंचित जिला

हरदा। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के भागीरथी प्रयासों से मोरंड-गंजाल परियोजना में से गंजाल परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है। अब जिला सिंचाई में नंबर वन होगा। अब गंजाल परियोजना का भी रविवार को काम शुरू हो रहा है। परियोजना के चौथे चरण का काम करीब 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसमें खंडवा जिला के नया हरसूद के पास बैक वाटर पर पंप हाउस का निर्माण चल रहा है। पाइप लाइन का काम लगभग पूरा हो चुका है। नवंबर माह से सिंचाई का पानी दिया जा सकेगा। गंजाल परियोजना और नया हरसूद में पंप हाउस को मिलाकर हरदा जिले के 124 गांवों की 35886 हेक्टेयर (89715 एकड़) में सिंचाई होगी। पूर्व मंत्री पटेल के मुताबिक 2028 अंत तक गंजाल परियोजना का काम पूरा करा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहीद इलाप सिंह परियोजना में 150 किमी में से 130 किमी पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इसी साल के अंत तक 118 गांवों की एक लाख एकड़ में सिंचाई शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा शहीद दीपसिंह परियोजना का प्रस्ताव तैयार हो गया है। इसमें उंद्राकच्छ में पंप हाउस बनेगा। यहां से एचबीसी व एलबीसी में पाइप लाइन के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा। इसमें 131 गांवों में पाइप लाइन के माध्यम से 55152 हेक्टेयर (137880 एकड़) में सिंचाई होगी। इसका काम भी तय समय में कराया जाएगा। जो वादा किया, वह पूरा किया - कमल पटेल पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि उन्होंने किसानों से जो वादा किया था वह पूरा किया। हम घोषणा कर काम पूरा कराते हैं। हमने 26 जनवरी 2026 को बैलगाड़ी दौड़ में शहीद दीपसिंह सिंचाई परियोजना की घोषणा की थी। सीएम डॉ. मोहन यादव से परियोजना को मंजूरी दिलाई, अब प्रस्ताव तैयार है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार सिंचाई के क्षेत्र को आउट कमांड उनके प्रयासों से कराया गया, अब योजना तैयार है। पटेल ने कहा कि उनका सपना था कि हरदा सिंचाई में नंबर-वन बने। अब वह साकार हो रहा है।

गंजाल-मोरंड परियोजना के चौथे चरण के तहत खंडवा जिले के नया हरसूद के पास नर्मदा के बैक वॉटर से सिंचाई होगी। इसमें 21 गांवों की 11 हजार 469 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होगी। चौथे चरण का करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। पूर्व मंत्री कमल पटेल के मुताबिक जिले के खेड़ी माल की 369.7872 हेक्टेयर, शोभापुर की 235.7663 हेक्टेयर, डेडगाव माल की 6.8834 हेक्टेयर, दामोदरपुरा की 181.4555 हेक्टेयर, कानपुर की 406.0356 हेक्टेयर, पोखरनी की 233.057 हेक्टेयर, छीपाबड़ की 426.9398 हेक्टेयर, पुरा की 773.1059 हेक्टेयर, पड़वा की 333.48510 हेक्टेयर, तारापुर की 557.04811 हेक्टेयर, अतरलिया की 459.409312 हेक्टेयर, कालधाड की 943.41513 हेक्टेयर, हथनोरी की 1,698.72114 हेक्टेयर, चारुवा की 327.84415 हेक्टेयर, हरिपुरा माल की 1,291.52516 हेक्टेयर, पिपलिया भारत की 333.56817 हेक्टेयर, महत्या खेड़ी की 651.55218 हेक्टेयर, खिरकिया की 339.9419 हेक्टेयर, चौकड़ी की 849.30820 हेक्टेयर, लिधिया खेड़ी की 970.9521 हेक्टेयर एवं गोपालपुरा की जमीन शामिल हैं।

किसानों की वर्षों पुरानी मांग को मिली गति, हरदा की कृषि अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आधार

हरदा। हरदा जिले के किसानों के लिए सिंचाई के क्षेत्र में एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए महत्वाकांक्षी शहीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। परियोजना के अंतर्गत वर्तमान में स्वीकृत 26,890 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र में अतिरिक्त 13,086 हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। इसके बाद परियोजना का कुल सिंचाई क्षेत्र बढ़कर 39,976 हेक्टेयर हो जाएगा।

यह महत्वपूर्ण पहल हरदा जिले के किसानों के लिए लंबे समय से आवाज उठाते आ रहे पूर्व कृषि मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कमल पटेल के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। कमल पटेल द्वारा क्षेत्र के किसानों की मांग को शासन के समक्ष लगातार प्रमुखता से उठाया गया और तवा सिंचाई परियोजना के अंतिम छोर पर स्थित गांवों में पानी की उपलब्धता की समस्या के स्थायी समाधान के लिए शहीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना में अतिरिक्त क्षेत्र को शामिल करने की मांग की जाती रही। परियोजना के विस्तार से हरदा, हंडिया, खिरकिया एवं टिमरनी तहसील के कुल 118 गांवों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में परियोजना से 26,890 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित किया जाना प्रस्तावित है। अतिरिक्त 13,086 हेक्टेयर क्षेत्र जुड़ने के बाद कुल 39,976 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचाई के दायरे में आएगा।

विशेष रूप से तवा सिंचाई परियोजना के अंतिम छोर पर स्थित उन गांवों को इसका लाभ मिलेगा, जहां किसानों को समय पर पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण रबी फसल में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

993.38 करोड़ की पुनरीक्षित लागत

अतिरिक्त क्षेत्र को परियोजना में शामिल करने पर लगभग 247.72 करोड़ का अतिरिक्त व्यय प्रस्तावित है। इसके साथ नवीन अनुबंधित राशि 756.76 करोड़ तथा जीएसटी सहित परियोजना की कुल पुनरीक्षित लागत 993.38 करोड़ परिगणित की गई है।

परियोजना के विस्तार के बाद लगभग 144.94 एमसीएम जल का उपयोग कर 39,976 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जाएगी। परियोजना के लिए लगभग 18.30 मेगावाट विद्युत खपत का आकलन किया गया है।

कमल पटेल बोले–किसान के खेत तक पानी पहुंचाना ही सबसे बड़ा संकल्प

पूर्व कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि हरदा जिले की पहचान कृषि प्रधान क्षेत्र के रूप में है और यहां के किसान मेहनत में कभी पीछे नहीं रहते। आवश्यकता केवल इतनी है कि किसान को उसकी फसल के लिए समय पर पर्याप्त पानी मिले।

उन्होंने कहा कि हरदा जिले का कोई भी किसान सिंचाई के अभाव में अपनी फसल को सूखते हुए देखने के लिए मजबूर न हो, यही मेरा संकल्प रहा है। शहीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना में 13,086 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को जोड़ने की पहल किसानों के हित में एक बड़ा कदम है। इससे हजारों किसान परिवारों को लाभ मिलेगा और हरदा की कृषि व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार लगातार किसान कल्याण और सिंचाई विस्तार को प्राथमिकता दे रही है। हर खेत तक पानी पहुंचाना प्रधानमंत्री जी के 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' और किसान हितैषी विकास के संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

खेत को पानी – हर किसान को समृद्धि
यही है विकसित हरदा और समृद्ध किसान की दिशा में अगला कदम।

विकास की राजनीति का पर्याय बना हरदा : कमल पटेल

हरदा। राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहकर किसी क्षेत्र की तस्वीर बदलने का प्रयास करने वाले नेताओं में कमल पटेल का नाम हरदा की राजनीति में प्रमुखता से लिया जाता है। विधायक और मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की राजनीति का केंद्र सिंचाई, सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण अधोसंरचना जैसे बुनियादी विषय रहे हैं। हरदा को सिंचाई के क्षेत्र में आगे ले जाने के उद्देश्य से नहरों, जलाशयों और बड़ी सिंचाई परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया। गंजाल-मोरंड सिंचाई परियोजना, शहीद ईलापसिंह एवं शहीद दीपसिंह उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं को इसी विकास दृष्टि से जोड़ा जाता है। सिंचाई विस्तार के साथ किसानों को बेहतर जल उपलब्धता दिलाना उनकी प्राथमिकताओं में रहा। सड़क और परिवहन के क्षेत्र में बैतूल-हरदा-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग, हरदा-छीपानेर मार्ग तथा हरदा-खंडवा मार्ग जैसे कार्यों का उल्लेख उनके विकास कार्यों में प्रमुखता से किया जाता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था मजबूत करने के लिए नए सबस्टेशन, ट्रांसफार्मर, फीडर और क्षमता वृद्धि के कार्यों को भी गति मिली। ड्रोन के माध्यम से दूरस्थ एवं गरीब-आदिवासी परिवारों तक बिजली पहुंचाने की पहल विकास के मानवीय पक्ष को सामने रखती है। शिक्षा के क्षेत्र में नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, महाविद्यालयों, सांदीपनि विद्यालयों, पीएम श्री विद्यालयों और अतिरिक्त कक्षों जैसी योजनाओं का विस्तार नई पीढ़ी के लिए अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं पर भी जोर दिया गया। कमल पटेल की राजनीति की विशेषता यह रही कि स्थानीय समस्याओं को शासन के स्तर तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास किए गए। सिंचाई से लेकर बिजली, सड़क से लेकर शिक्षा और ग्रामीण विकास से लेकर किसान हित तक—विभिन्न क्षेत्रों में अधोसंरचना खड़ी करने की सोच दिखाई देती है। हरदा को सिंचित, सड़कों से जुड़ा, बेहतर विद्युत व्यवस्था वाला और शिक्षा-स्वास्थ्य की दृष्टि से सक्षम जिला बनाने का लक्ष्य उनके सार्वजनिक जीवन की विकासवादी सोच को रेखांकित करता है। इसी कारण कमल पटेल को हरदा की राजनीति में केवल एक राजनीतिक चेहरे के रूप में नहीं, बल्कि विकास के मुद्दों को राजनीति के केंद्र में रखने वाले जनप्रतिनिधि के रूप में देखा जाता है। उनके समर्थकों की दृष्टि में उनकी राजनीति का मूल मंत्र स्पष्ट है—विकास ऐसा हो, जिसका लाभ गांव के अंतिम परिवार तक पहुंचे।

किसानों में खुशी की लहर

परियोजना के विस्तार की खबर से हरदा जिले के किसानों में उत्साह और खुशी का वातावरण है। किसानों का कहना है कि तवा परियोजना के अंतिम छोर पर होने के कारण लंबे समय से पानी की उपलब्धता एक बड़ी समस्या रही है। यदि शहीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के माध्यम से पर्याप्त पानी उपलब्ध होता है तो रबी सहित अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

किसानों ने कहा कि पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल द्वारा लगातार उनकी आवाज शासन तक पहुंचाने और अतिरिक्त रकबे को परियोजना में शामिल कराने के लिए किए गए प्रयासों से उन्हें बड़ी उम्मीद जगी है।

प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार : हरदा जिले के किसान भाइयों-बहनों और आम नागरिकों की ओर से इस महत्वपूर्ण परियोजना को विस्तार देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं सिंचाई मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है। किसानों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग तथा पूर्व कृषि मंत्री श्री कमल पटेल के निरंतर प्रयासों से हरदा में सिंचाई का मजबूत आधार तैयार हो रहा है। शहीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का विस्तार केवल आंकड़ों में 13,086 हेक्टेयर की वृद्धि नहीं है, बल्कि यह हजारों किसान परिवारों के खेतों में पानी, फसल में समृद्धि और गांवों में खुशहाली की नई उम्मीद है।